3-11-24 पत्रावली पेश हुई उभय पक्ष उपस्थित प्रकरण में वकील विपक्षी जवाब प्रा-पत्र पेश करने का अवसर चाहते है। पूर्व मे कई अवसर दिये जा चुके है अवसर बन्द किया जाता है। पत्रावली मे जवाब प्रा-पत्र का अवसर बन्द होने से वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई, प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। मौजा धूल खेडा परगना बेंगू के खाता न 263 मे आराजी न 603, 621, 622, 907/596 कुल रकबा 2.0700 है भूमि की पत्थर गढी कि जाने हेतु तहसीलदार बेंगू को 2500 ₹ अक्षरे दो हजार पाँच सौ ₹ कमिश्नर शुल्क पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। और आदेश दिया जाता है कि उक्त आराजी की प्रार्थी/विपक्षी गण की उपस्थिती मे पत्थर गढी कि जाकर यथा स्थिति रिपोर्ट पेश करें। पत्रावली मे अब कोई और कार्यवाही शेष नही होने से पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम है।